Topic: Puzzles
Time: 10min

Directions (1-5): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्यन कीजिये और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये.**

आठ व्यक्ति एक आठ मंजिला इमारत में रहते हैं, सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है और शीर्ष मंजिल की संख्या 8 है. D और G के मध्य चार से अधिक व्यक्ति रहते हैं. H एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है. A और B के मध्य केवल दो व्यक्ति रहते हैं. D, G के ऊपर किसी एक मंजिल पर रहता है. B,H के नीचे एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है. C, E की मंजिल के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है. G एक सम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है. F, B के नीचे किसी एक मंजिल पर रहता है.

Q1. **निम्नलिखित में से कौन पांचवीं मंजिल पर रहता है?**
(a) D
(b) A
(c) F
(d) C
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsfloor based puzzle

Q2. **F की मंजिल के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?**
(a) दो
(b) चार
(c) तीन
(d) कोई नहीं
(e) पांच से अधिक
L1Difficulty 1
QTagsfloor based puzzle

Q3. **F के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**
(a) F एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है
(b) F और C के मध्य दो से अधिक व्यक्ति रहते हैं
(c) G, F के ठीक नीचे रहता है
(d) B, F के ठीक नीचे रहता है
(e) कोई सत्य नहीं है

L1Difficulty 1
QTagsfloor based puzzle

Q4. **निम्नलिखित में से कौन E की मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है?**
(a) C
(b) F
(c) G
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsfloor based puzzle

Q5. **A निम्नलिखित में से किस मंजिल पर रहता है?**
(a) मंजिल 6
(b) मंजिल 3
(c) मंजिल 4
(d) मंजिल 8
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsfloor based puzzle

Directions (6-10): **निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-**

आठ व्यक्ति अर्थात् A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं, उनमें से चार, चारों कोनों पर बैठे हैं, जो केंद्र की ओर उन्मुख हैं और शेष चार भुजा के मध्य में बैठे हैं, जो बाहर की ओर उन्मुख हैं। G न तो कोने पर बैठा है, न ही H के विपरीत बैठा है। C, B के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। F और H के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं, H जो C के ठीक बायें बैठा है। D, A के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है, A जो G के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है।

Q6. **निम्नलिखित में से E और F के ठीक बीच में कौन बैठा है?**
(a) H
(b) D
(c) B
(d) C
(e) A
L1Difficulty 1
QTagsRectangular/square seating arrangement

Q7. **B के दाईं ओर से गिने जाने पर, B और A के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) चार
(b) तीन
(c) दो
(d) एक
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 1

QTagsRectangular/square seating arrangement

Q8. **निम्नलिखित में से D के ठीक दायें कौन बैठा है?**
(a) E
(b) A
(c) G
(d) F
(e) B
L1Difficulty 1
QTagsRectangular/square seating arrangement

Q9. **निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित रूप से समान हैं, इसलिए एक समूह बनाते हैं, इनमें से कौन उस समूह से संबंधित नहीं है?**
(a) D
(b) C
(c) E
(d) G
(e) F
L1Difficulty 1
QTagsRectangular/square seating arrangement

Q10. **निम्नलिखित में से G के बायें से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) D
(b) C
(c) A
(d) F
(e) E
L1Difficulty 1
QTagsRectangular/square seating arrangement

Directions (11-15): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए-**
आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से कुछ केंद्र की ओर उन्मुख हैं जबकि कुछ केंद्र के बाहर की ओर उन्मुख हैं। F, L के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। G, M के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है, M जो केंद्र की ओर उन्मुख है। E, G के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। K और H दोनों एक–दूसरे के ठीक बाएं बैठे हैं। E और I के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, H की समान दिशा की ओर उन्मुख है लेकिन L के विपरीत है। K, E के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। K और I समान दिशा की ओर उन्मुख हैं लेकिन G के विपरीत हैं.

Q11. **निम्नलिखित में से K के ठीक दाएं कौन-सा व्यक्ति बैठा है?**
(a) G
(b) H
(c) M

(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q12. **I के बाईं ओर गिने जाने पर, I और K के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) तीन
(b) एक
(c) चार
(d) दो
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q13. **निम्नलिखित में से कौन M की ओर उन्मुख है?**
(a) L
(b) G
(c) E
(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q14. **H के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) L, H के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है
(b) F, H का निकटतम पड़ोसी है
(c) H अंदर की ओर उन्मुख है
(d) H, G के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के ठीक बाएं बैठा है
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Q15. **F के सन्दर्भ में, E का स्थान कौन-सा है?**
(a) बाएं से दूसरा
(b) बाएं से तीसरा
(c) ठीक दाएं
(d) दाएं से चौथा
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTagsCircular seating arrangement

Solutions

Solution (1-5):


Sol.

| Floor | Persons |
|---|---|
| 8 | D |
| 7 | H |
| 6 | A |
| 5 | C |
| 4 | E |
| 3 | B |
| 2 | F |
| 1 | G |

S1. Ans.(d)
S2. Ans.(e)
S3. Ans.(c)
S4. Ans.(d)
S5. Ans.(a)

Solution (6-10):


Sol.




S6. Ans.(d)
S7. Ans.(b)
S8. Ans.(d)
S9. Ans.(a)
S10. Ans.(c)

Solution (11-15):

Sol.




S11. Ans.(c)
S12. Ans.(d)
S13. Ans.(a)
S14. Ans.(d)
S15. Ans.(d)